भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3358
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

दो पालियों में चल रहे केन्द्रीय विद्‌यालय

3358. **श्री अरुण गोविल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या केन्द्रीय विद्‌यालयों में दो पालियों की कक्षाएं चल रही हैं; और
(ख) क्या देश में और अधिक लोगों की केन्द्रीय विद्‌यालयों में अपने बच्चों का प्रवेश प्राप्त करने की इच्छा को पूरा करने के संबंध में सरकार का कोई प्रस्ताव है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) (केवि) मुख्यत: एक पाली में चल रहे हैं। वर्तमान में 70 केवि दो पालियों में चल रहे हैं।

(ख) वर्तमान में देश भर में 1253 केवि कार्यात्मक हैं। नये केवि का खोला जाना एक सतत् प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षण का समान कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा एवं अर्धसैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं।

दिसंबर 2024 में, भारत सरकार ने 85 नए केवि और एक मौजूदा केवि के विस्तार को मंजूरी दी है। इस पहल का उद्‌देश्य अधिकाधिक बच्चों को समायोजित करना तथा केवि में शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना है।

*****